दिन– शुक्रवार | दिनांक– 26 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– जेन–जी और जेन–अल्फा भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर बाल दिवस के अवसर पर बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और कमलेश कुमार सहित देशभर के बीस बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किये।

03. घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने तीस दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश भागों में घने कुहासे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

04. और, सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह कल मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना साहिब स्थित तख्त हरमंदिर साहिब में तैयारियों का जायजा लिया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जायेगी। नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे ऐसा काम करें जो दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सके।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज डिजिटल भारत में युवाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नही है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को अपनी सफलता को देश की सफलता बनाने पर फोकस करना चाहिए।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि पिछले चार सालों में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है।

———बाइट———

---

आज वीर बाल दिवस है। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किया। इस वर्ष बिहार के दो समेत अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को इस सम्मान से सम्मानित किया गया, जिन्होंने बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

———एम्बीएंस———

वैभव सूर्यवंशी को क्रिकेट में अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। राष्ट्रपति ने कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर–भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

———एम्बीएंस———

कमलेश कुमार के परिजनों ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। ग्यारह वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह पुरस्कार बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे।

———बाइट———

राष्ट्रपति ने कहा कि साहिबजादों का अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।

———बाइट———

---

वीर बाल दिवस पर प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत कहानी–कविता पाठ, चित्रकला, रचनात्मक लेखन और खेल तथा फिटनेस से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं।

---

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह कल मनाया जाएगा। इस मौके पर विशेष दीवान का आयोजन किया जायेगा और भजन–कीर्तन भी होंगे। हरमंदिर साहिब प्रबंधक कमिटी के उपाध्यक्ष गुरूविंदर सिंह ने बताया है कि श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। इधर, प्रकाश पर्व को लेकर आज भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जो गायघाट गुरूद्वारा से निकल कर तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरूद्वारा पहुंचा। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

–––एम्बीएंस––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना साहिब स्थित हरमंदिर साहिब गुरूद्वारा पहुंच कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कंगन घाट में श्रद्धालुओ के लिए बनाए गए टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया।

---

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। दूरदर्शन से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी बढ़ा दी गई है।

———बाइट———

सौ से सवा सौ दिन हम रोजगार कर रहे हैं तो पैसे भी ज्यादा लगेंगे। इस साल प्रस्तावित बजट था 25–26 का 88 हजार करोड अब जो प्रस्तावित है वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड रूपया। अकेले केन्द्र सरकार 95 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रूपया इसमें खर्च करेगी। गांव में विकास के सारे काम इस योजना के माध्यम से किए जांएगे।

श्री चौहान ने बताया कि आवेदन के पन्द्रह दिन के भीतर काम नहीं मिलने पर अनिवार्य अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

———————————————————————

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में औसतन एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। आज औरंगाबाद और भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम दृश्यता सौ मीटर पटना, गयाजी और वाल्मिकी नगर में दर्ज की गई। राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज दिनभर घना कुहासा छाया छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान जताया है।

———बाइट———

इधर, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पटना से खुलने और यहां पहुंचने वाली कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें छह से आठ घंटे विलंब से चल रही है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण पटना एयरपोर्ट पर विमानों के संचालन पर भी असर पड़ा है।

———————————————————————

इधर, शीतलहर और घने कुहासे को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आठवी तक की कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य को तीस दिसम्बर तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। वहीं, नालंदा में दसवीं तक की

शैक्षणिक गतिविधियों पर इकतीस दिसम्बर तक और गोपालगंज में आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को अट्ठाईस दिसम्बर तक बंद कर दिया गया है।

---

उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमाफिया और दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा आज पूर्णिया में भूमि सुधार जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

---बाइट---

---

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि केंद्र सरकार फोन कॉल और सोशल मीडिया ऐप्स के लिए नए संचार नियम लागू कर रही है। पत्र सूचना ब्यूरो– पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताया है। सरकार ने कहा है कि ऐसे कोई नियम लागू नहीं किए गए हैं। पी.आई.बी. ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और कोई भी जानकारी साझा करने से पहले उसकी पुष्टि कर लें।

---

भारतीय रेलवे ने तेजी से बढ़ती रेलयात्रा मांग को पूरा करने के लिए दो हजार तीस तक पटना सहित अड़तालीस प्रमुख शहरों में रेलगाडियों की परिचालन क्षमता को दोगुना करने की योजना बनाई है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि इससे आने वाले वर्षों में यातायात की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने क्षेत्रीय रेलवे के सभी महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर अपने–अपने मंडलों में ट्रेन संचालन क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

---

ऊर्जा विभाग और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं को फर्जी कॉल और मैसेज से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने बकाया भुगतान और बिजली कटौती के नाम पर साइबर ठगी की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए यह अपील की है। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि साइबर ठगी या संदिग्ध संदेश मिलने पर उपभोक्ता टॉल फ्री नंबर एक पांच पांच दो छह शून्य पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

---

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आरा में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। पटना के क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने आज कार्यक्रम के अंतिम दिन विकसित भारत जी राम जी योजना से लोगों को अवगत कराया।

---

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा दो हजार छब्बीस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। सुरक्षा पखवाड़ा पन्द्रह से अट्ठाईस जनवरी तक आयोजित किया जायेगा।

---

सुपौल में एसएसबी की टीम ने नेपाल से भारत में तस्करी के लिए लाये जा रहें बावन किलोग्राम गांजा को जब्त किया है। इधर, अररिलया जिले के जोकीहाट थाना पुलिस ने एक वाहन से दो सौ अस्सी किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– जेन–जी और जेन–अल्फा भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर बाल दिवस के अवसर पर बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और कमलेश कुमार सहित देशभर के बीस बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किये।

03. घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने तीस दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश भागों में घने कुहासे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

04. और, सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह कल मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना साहिब स्थित तख्त हरमंदिर साहिब में तैयारियों का जायजा लिया।

---

समाप्त